धनूपुरा-भोजपुर इलाके में गैर कानूनी धंधे छोड़ मुख्य धारा में लौटने में मदद करेगी पुलिस

सीओ बोले-बुराई का रास्ता छोड़ें ग्रामीण, विकास का रास्ता अपनाएं

कादरचौक के भोजपुर में नेत्रहीन की आर्थिक मदद करते एसपी सिटी। संवाद

खास खबर

संवाद न्यूज एजेंसी

कादरचौक (बदायूं)। कच्ची शराब और अन्य मामलों में बदनाम रहे धनूपुरा और भोजपुर के ग्रामीणों को विकास के रास्ते पर लाने की पुलिस ने पहल की है।

पुलिस न सिर्फ इन गांव के लोगों को गैर कानूनी धंधे बंद करने को कहा है। उनसे कहा कि उनके बच्चों को शिक्षित करने, रोजगार देने और विवाह में मदद की जाएगी। इसके लिए उनको बुराई का रास्ता छोड़ना होगा। सोमवार शाम धनूपुरा और भोजपुर दोनों गांव में पुलिस की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें पहुंचे एसपी सिटी प्रवीन सिंह चौहान ने ग्रामीणों को कच्ची शराब जैसे गलत धंधे बंद करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गलत कार्यों से भले ही थोड़ी देर के लिए खुशी मिल जाए लेकिन हमेशा के लिए दुख भी भोगना पड़ता है।

गलत कार्य गलत ही होते हैं। उनसे मान सम्मान नहीं मिलता। सीओ उझानी अनिरुद्घ सिंह ने कहा कि गांव में अशिक्षित बच्चों को पढ़ाने का पूरा प्रयास किया जाएगा जिससे बच्चे आगे चलकर कुछ कर सकें। वो गलत धंधे में न पड़ें। उनके विवाह में मदद की जाएगी। जो बच्चियां कुछ करना चाहती हैं, उन्हें सिलाई-कढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सिलाई मशीनें दिलवाकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उनके जाति प्रमाण पत्र नहीं बनते हैं। उनके जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाएं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं नोट कीं। उन्हें आश्वासन दिया कि वह गांव की समस्याएं उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएंगे जिससे उन्हें खत्म कराया जा सके। गांव का विकास हो सके।

इस दौरान एसओ ललित भाटी और गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। एसपी सिटी और सीओ उझानी ने एक नेत्रहीन व्यक्ति को आर्थिक सहायता दी। पुलिस के इस प्रयास से ग्रामीणों खुद ही शराब की भट्ठियां तोड़कर अच्छाई का रास्ता अपनाने का सबूत दिया। उन्होंने सपथ ली कि वह कोई गलत धंधा नहीं करेंगे।